

हिंदी दैनिक खबर

हर पल, हमारी खबर

# केशववाणी

सोमवार 22 जून 2026 बर्ष 02 अंक 162 पृष्ठ 5

www.keshavtv24.com

Email:keshavtvbihar@gmail.com


**अनमोल वचन**

अगर आप सफल होना चाहते है, तो अपने अंदर की प्रतिभा को पहचानिए। सोचने में समय व्यर्थ मत कीजिए, अभी अपना कार्य प्रारंभ कर दें।

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस समारोह में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने किया योगाभ्यास, स्कूल-कॉलेजों में योग को पाठ्यक्रम में शामिल करने की घोषणा

**केशववाणी पटना (बिहार)।** 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर पाटलिपुत्र स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आयोजित राज्यस्तरीय समारोह का उद्घाटन मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने किया। इस दौरान उन्होंने बड़ी संख्या में उपस्थित लोगों के साथ सामू. हिक योगाभ्यास कर योग के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने घोषणा की कि अगले वर्ष से बिहार के स्कूलों और कॉलेजों के पाठ्यक्रम में योग को शामिल किया जाएगा, ताकि योगाभ्यास को जन–जन तक पहुंचाया जा सके और नई पीढ़ी को स्वस्थ जीवनशैली के प्रति प्रेरित किया जा सके। उन्होंने कहा कि योग स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन का सबसे सरल, प्रभावी और निःशुल्क माध्यम है। नियमित योगाभ्यास न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है, बल्कि मानसिक शांति और जीवन में संतुलन भी प्रदान करता है। योग स्वस्थ एवं समृद्ध भारत के निर्माण का मार्ग प्रशस्त करेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि योग भारत की प्राचीन एवं अमूल्य सांस्कृतिक विरासत है। यह स्वस्थ शरीर, शांत मन और संतुलित जीवन का आधार है। उन्होंने लोगों से अपने दैनिक जीवन में योग को शामिल करने





की अपील करते हुए कहा कि 24 घंटे की दिनचर्या में कुछ समय योग के लिए अवश्य निकालें, इससे जीवन स्वस्थ, सुखी और दीर्घायु बनेगा।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से योग को वैश्विक पहचान मिली है और आज दुनिया के अनेक देशों में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस उत्साहपूर्वक मनाया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि देशवासियों के बेहतर स्वास्थ्य और खुशहाली के लिए केंद्र सरकार द्वारा आयुष्मान भारत योजना के माध्यम से करोड़ों लोगों को स्वास्थ्य सुरक्षा का लाभ दिया जा रहा है।कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, अधिकारी, खिलाड़ी, विद्यार्थी एवं आम नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने और स्वस्थ समाज के निर्माण में योगदान देने का संकल्प लिया।

## नालंदा विश्वविद्यालय में 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन

### जिज्ञासा और आत्म-अन्वेषण मानव विकास के महत्वपूर्ण आधार हैं : प्रो. सचिन चतुर्वेदी



**केशववाणी अनुमंडल संवाददाता, राजगीर। राजीव लोचन की रिपोर्ट राजगीर(नालंदा)।** नालंदा विश्वविद्यालय में रविवार को 12वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। छात्रों, संकाय सदस्यों, अधिकारियों, कर्मचारियों तथा व्यापक नालंदा समुदाय ने स्वास्थ्य, सजगता (माइंडफुलनेस) एवं समग्र कल्याण के प्रति अपनी साझा किया। वैश्विक थीम स्वस्थ वृद्धावस्था हेतु योग विश्वविद्यालय की संतुलित जीवनशैली एवं आजीवन शिक्षण की स्थायी अवधारणा के साथ गहराई से जुड़ी हुई दिखाई दी। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सचिन चतुर्वेदी तथा ऑफिसर्स ट्रेनिंग अकादमी गया के कमांडेंट लेफ्टिनेंट जनरल संदीप सिंह ने भी भाग लिया। साथ ही डीन, संकाय सदस्य, कर्मचारी तथा भारतीय एवं अंतरराष्ट्रीय विद्यार्थियों ने योग सत्र में सक्रिय रूप से सहभागिता की। कुलपति प्रोफेसर चतुर्वेदी ने कहा कि उम्र को केवल वर्षों अथवा शारीरिक मानकों के आधार पर परिभाषित नहीं किया जाना चाहिए। नालंदा जैसे विश्वविद्यालय में व्यक्ति तब अपनी युवावस्था खो देता है जब वह जिज्ञासु बने रहने की भावना को खो देता है। जिज्ञासा और आत्म–अन्वेषण मानव विकास के महत्वपूर्ण आधार हैं। योग दर्शन आत्मचिंतन और सतत् सीखने की प्रक्रिया है। आचार्य नागार्जुन का उल्लेख करते हुए कहा कि योग केवल शारीरिक अभ्यास तक सीमित है। यह एक आध्यात्मिक प्रयास है। व्यक्ति को स्वयं और अपने अस्तित्व के विविध आयामों को पुनः खोजने की दिशा प्रदान करता है।उन्होंने कहा कि आचार्य नागार्जुन द्वारा दर्शन तथा शून्यता की अवधारणा के क्षेत्र में किए गए गहन योगदान आज भी बौद्धिक अन्वेषण और आत्म–जागरूकता को प्रेरित करते हैं। नालंदा विश्वविद्यालय की मूल भावना से इस विरासत को जोड़ते हुए कहा कि विश्वविद्यालय इन दार्शनिक परंपराओं को समकालीन समझ और व्यवहार में समाहित करने का प्रयास कर रहा है। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अंतर्गत सहभागिता संवाद पहल के तहत आयोजित योग स्पर्धा कौशल प्रतियोगिता के विजेताओं को पदक एवं प्रमाण–पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस प्रतियोगिता में स्थानीय लोगों सहित कुल 130 प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। यह समुदाय की सक्रिय सहभागिता और व्यापक जुड़ाव को दर्शाता है।

## सुभाष पार्क में मनाया गया अंतरराष्ट्रीय योग दिवस, विधायक डॉ. सुनील कुमार ने कहा– योग स्वस्थ जीवन का आधार

**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोर्ट नालंदा (बिहार)।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शनिवार को बिहारशरीफ के सुभाष पार्क में ष्योग महोत्सवष का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बिहारशरीफ के विधायक डॉ. सुनील कुमार उपस्थित हुए। योग दिवस को लेकर लोगों में खासा उत्साह देखने को मिला और बड़ी संख्या में लोगों ने सामूहिक योगाभ्यास में भाग लिया। कार्यक्रम को संबो. धित करते हुए विधायक डॉ. सुनील कुमार ने कहा कि आज विश्व के 190 से अधिक देशों में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जा रहा है। यह भारत की प्राचीन परंपरा और संस्कृति की वैश्विक स्वीकृति का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि योग अब केवल भारत तक सीमित नहीं रहा, बल्कि यह विश्वव्यापी उत्सव बन चुका है और करोड़ों लोगों के दैनिक जीवन का अभिन्न हिस्सा बन गया है। उन्होंने कहा कि योग शरीर को स्वस्थ, मन को शांत और जीवन को संतुलित बनाता है। नियमित योगाभ्यास से न केवल मांसपेशियां मजबूत होती हैं, बल्कि शरीर के सभी अंगों का समुचित विकास होता है। योग व्यक्ति को तनाव, चिंता और विभिन्न बीमारियों से दूर रखने में भी महत्वपूर्ण भू. मिका निभाता है। विधायक ने कहा कि देश की अधिकांश आबादी ने योग को अपनाया है और यह अब जन–आंदोलन का रूप ले चुका है। उन्होंने बिहारशरीफ, नालंदा, बिहार एवं देशवासियों को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की शुभकामनाएं देते हुए सभी से नियमित योग करने की अपील की।




इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से योग को अंतरराष्ट्रीय पहचान मिली है। आज पूरा विश्व योग के महत्व को समझ रहा है और इसे स्वस्थ जीवन का माध्यम मानकर अपना रहा है। उन्होंने कहा कि आधु. निक जीवनशैली से उत्पन्न अनेक शारीरिक और मानसिक समस्याओं का समाधान योग में निहित है। उन्होंने लोगों से ष्योग करें, निरोग रहेंष के संदेश को अपनाने और योग को अपनी दैनिक दिनचर्या में शामिल करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने नियमित योगाभ्यास करने तथा समाज में योग के प्रति जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया। योग महोत्सव में विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि, भाजपा कार्यकर्ता, गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन स्वस्थ जीवन और योग के महत्व पर चर्चा के साथ हुआ।






## 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय कार्यक्रम का भव्य आयोजन, नशामुक्ति का लिया गया संकल्प



**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोर्ट नालंदा (बिहार)।** 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर नालन्दा जिला मुख्यालय स्थित सोगरा +2 विद्यालय, बिहारशरीफ में जिला स्तरीय योग कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इसके साथ ही जिले के सभी अनुमंडलों, प्रखंडों, पंचायतों एवं ग्राम स्तर तक व्यापक रूप से योग कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिसमें विभिन्न आयु वर्ग के लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षित योग शिक्षकों द्वारा विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान की प्रक्रियाओं का अभ्यास कराया गया। उपस्थित लोगों को योग के वैज्ञानिक एवं व्यावहारिक लाभ. ों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। वक्ताओं ने बताया कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, जो व्यक्ति के शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक विकास का सशक्त माध्यम है। योग मानव जीवन को स्वस्थ, संतु. लित एवं सकारात्मक बनाने का एक प्रभावी साधन है। नियमित योगाभ्यास से तनाव, चिंता, अवसाद एवं जीवनशैली से संबंधित विभिन्न रोगों पर नियंत्रण पाया जा सकता है। योग शरीर को स्वस्थ रखने के साथ–साथ मन, बुद्धि एवं आत्मा के मध्य सामंजस्य स्थापित कर व्यक्ति के समग्र विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।सामा. जिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा संचालित नशामुक्त भारत अभियान के अंतर्गत सामाजिक सुरक्षा कोषांग, नालन्दा द्वारा योग दिवस कार्यक्रम के साथ–साथ नशामुक्ति जागरूकता अभियान भी संचालित किया गया। इस अवसर पर उपस्थित चिकित्सकों द्वारा नशे के सेवन से होने वाले शारीरिक, मानसिक, सामाजिक एवं आर्थिक दुष्प्रभावों की तथ्यात्मक जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि नशीले पदार्थों का सेवन व्यक्ति, परिवार एवं समाज के लिए अत्यंत हा. निकारक है तथा इससे अनेक गंभीर बीमारियों एवं सामाजिक समस्याओं को बढ़ावा मिलता है। इसलिए प्रत्येक नागरिक को नशे से दूर रहकर स्वस्थ जीवनशैली अपनानी चाहिए।

जिला प्रशासन द्वारा नालन्दा जिले के सभी नागरिकों से अपील की गई कि वे योग को अपनी दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाएं तथा स्वस्थ एवं निरोग जीवन के लिए नियमित योगाभ्यास करें। साथ ही यह भी आह्वान किया गया कि सभी नागरिक नशामुक्त समाज के निर्माण में अपनी सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करें तथा किसी भी परिस्थिति में नशीले पदार्थों का सेवन न करने का संकल्प लें। उक्त कार्यक्रम में प्रभारी जिला पदाधिकारी, प्रभारी उप विकास आयुक्त, विशेष कार्य पदाधिकारी जिला गोपनीय शाखा , वरीय उप समाहर्ता, जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदा. धिकारी, कार्यक्रम पदाधिकारी शिक्षा विभाग , सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय पदा. धिकारी, कर्मीगण, चिकित्सक, योग प्रशिक्षक, छात्र–छात्राएं एवं बड़ी संख्या में आम नागरिक उपस्थित रहे।




# राजगीर मॉब लिंचिंग पीड़ितों से मिले सांसद पप्पू यादव, नगरनौसा में पुलिस कार्रवाई की निंदा पीड़ित परिवारों को दी आर्थिक सहायता, बोले- बिहार में कानून व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त

**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोर्ट नालंदा (बिहार)।** पूर्णिया के सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव ने रविवार को नालंदा जिले में दो अलग–अलग घटनाओं के पीड़ित परिवारों से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना। उन्होंने राजगीर मॉब लिंचिंग में मारे गए दलित युवकों के परिजनों को आर्थिक सहायता प्रदान की तथा नगरनौसा में डिग्री कॉलेज की मांग को लेकर हुए आंदोलन के दौरान पुलिस कारवाई की कड़ी आलोचना की। इस दौरान युवा नेता राजू दानवीर सहित बड़ी संख्या में समर्थक मौजूद रहे। सबसे पहले सांसद गंजपर गांव पहुंचे, जहां उन्होंने राजगीर मॉब लिंचिंग में जान गंवाने वाले पिंटू पासवान और श्रवण कुमार के परिजनों से मुलाकात की। उन्होंने दोनों परिवारों को 25–25 हजार रुपये की आर्थिक सहायता देते हुए न्याय दिलाने का भरोसा दिया। उल्लेखनीय है कि 15 जून को राजगीर थाना क्षेत्र के झुनकिया बाबा मंदिर के समीप चोरी के आरोप में भीड़ द्वारा की गई पिटाई में दोनों युवकों की मौत हो गई थी। मीडिया से बातचीत में पप्पू यादव ने बिहार सरकार और पुलिस प्रशासन पर निशाना साधते हुए कहा कि राज्य में दलित, महादलित, यादव तथा अन्य कमजोर वर्गों पर अत्याचार की घटनाएं बढ़ रही हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि मॉब लिंचिंग मामले में कई लोगों की संलिप्तता के बावजूद अब तक केवल चार आरोपितों की गिरफ्तारी हुई है। उन्होंने कहा कि बिहार में कानून–व्यवस्था पूरी तरह चरमरा चुकी है और अपराधियों का मनोबल बढ़ता जा रहा है। सांसद ने कहा कि मंदिरों में लगातार चोरी की घटनाएं हो रही हैं और अपराधियों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई नहीं हो रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि इस मामले को सड़क से लेकर सदन तक उठाया जाएगा और जरूरत पड़ने पर न्यायालय का दरवाजा भी खटखटाया जाएगा।



इसके बाद पप्पू यादव नगरनौसा पहुंचे, जहां डिग्री कॉलेज की मांग को लेकर चल रहे आंदोलन के दौरान पुलिस कार्रवाई से प्रभावित परिवारों से मिले। उन्होंने पीड़ित परिवारों के साथ पैदल मार्च किया तथा महिलाओं, बच्चियों और बुजुर्गों से घटना की जानकारी ली। कुछ बच्चियों ने आरोप लगाया कि पुलिस ने घरों में घुसकर मारपीट की और धमकाया। इन आरोपों पर प्रतिक्रिया देते हुए सांसद ने कहा कि डिग्री कॉलेज की मांग युवाओं और छात्राओं के बेहतर भविष्य से जुड़ा मुद्दा है। लोकतांत्रिक मांगों का जवाब बल प्रयोग से देना उचित नहीं है। उन्होंने एक पीड़ित बच्ची को 25 हजार रुपये की आर्थिक सहायता भी प्रदान की और कहा कि अन्याय के खिलाफ उनकी लड़ाई जारी रहेगी। इस अवसर पर मनीष यादव, कौशल कुमार, गुलशन कुमार, नवीन कुमार, शशि कुमार, संजीत कुमार, रंजीत यादव समेत कई लोग उपस्थित थे।



# नालंदा में स्कूल बस में लगाई आग, सीसीटीवी फुटेज के आधार पर नाबालिग हिरासत में

**केशववाणी कुमार अभिषेक की रिपोर्ट नालंदा (बिहार)।** नालंदा थाना क्षेत्र के कपटिया मोड़ स्थित एक निजी विद्यालय परिसर में खड़ी स्कूल बस में आग लगा दी गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और बस पूरी तरह जलकर खाक हो गई। सूचना मिलते ही दमकल की टीम मौके पर पहुंची और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हालांकि तब तक बस पूरी तरह जल चुकी थी। राहत की बात यह रही कि दमकल कर्मियों और स्थानीय लोगों की तत्परता से विद्यालय परिसर में खड़ी अन्य छोटी–बड़ी गाड़ियों को नुकसान नहीं पहुंचा। विद्यालय के प्रतिनिधि रोहित कुमार ने बताया कि घटना की सूचना मिलने पर वह तुरंत मौके पर पहुंचे। रविवार होने के कारण स्कूल में अवकाश था। उन्होंने बताया कि कार्यालय के गेट के ताले में माचिस की तीलियां फंसी मिलीं, जिससे यह आशंका जताई जा रही है कि घटना को सुनियोजित तरीके से अंजाम देने का प्रयास किया गया। घटना के बाद विद्यालय परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की गई। फुटेज में एक नाबालिग को बस में आग लगाते हुए देखा गया। इसके आधार पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक किशोर को हिरासत में ले लिया।



नालंदा थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार ने बताया कि प्रारंभिक पूछताछ में यह बात सामने आई है कि नाबालिग ने किसी के बहकावे में आकर पेट्रोल छिड़ककर बस में आग लगाई थी। फिलहाल विद्यालय प्रशासन की ओर से लिखित आवेदन नहीं मिला है, लेकिन पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि घटना के पीछे किसी की पुरानी रंजिश, शरारत या कोई बड़ी साजिश तो नहीं है। हिरासत में लिए गए किशोर से पूछताछ जारी है और मामले के सभी पहलुओं की जांच की जा रही है।



# हरनौत बाजार के नियामतपुर मोहल्ले में बंद घरों से लाखों रुपए की समान हुई चोरी, जांच में जुटी पुलिस



**केशववाणी राकेश कुमार की रिपोर्ट हरनौत (नालंदा)।** हरनौत थाना अंतर्गत हरनौत बाजार में स्थित वार्ड संख्या 17 के नियामतपुर मोहल्ले में बंद पड़े घरों में अज्ञात चोरों के द्वारा चोरी की घटना को अंजाम दिया गया है। अज्ञात चोरों ने सोने–चांदी के आभूषण, लैपटॉप और नगद सहित लाखों रुपये की संपत्ति चुरा कर फरार हो गया और किसी पड़ोसी को भनक तक भी नहीं लगी। पीड़ित डॉ. जयवंत कुमार ने बताया कि वे अपने बच्चों के साथ नानी के घर गए हुए थे, रविवार सुबह लगभग 8 बजे घर लौटने पर उन्होंने देखा कि मुख्य दरवाजे पर ताला लगा था, लेकिन अंदर तीन कमरों के ताले टूटे हुए थे और घर में रखें सारा सामान बिखरा पड़ा हुआ था। उन्होंने बताया कि गोदरेज में रखें सोने के बिछिया, ढोलना, कानवाली, गला सेट का हार, नथनी, मनटिका, मंगलसूत्र सहित अन्य आभूषण गायब थे। इसके अलावा, चांदी के सिक्के, पायल और पांच हजार रुपये नकद भी चोरी हो गए ।उन्होंने बताया कि कुल आठ से दस लाख रुपये की संपत्ति चोरी हुई है। चोरों ने सीढ़ी के सहारे छत से घर में प्रवेश किया था।इसी घर से लगभग 100 मीटर पश्चिम दिशा में स्थित शिक्षिका कमला कुमारी के घर को भी चोरों ने निशाना बनाया। कमला कुमारी ने बताया कि वे गर्मी की छुट्टियों के कारण अपने पति ओम प्रकाश सेन के साथ बाहर गई हुई थीं, जिस कारण मकान बंद था। वापस लौटने पर उन्हें भी कमरों के ताले टूटे और सामान बिखरा मिला। चोर उनके घर से लैपटॉप सहित अन्य सामान चुरा ले गए।पीड़ितों ने तत्काल घटना की सूचना पुलिस को दी। शिकायत के आधार पर डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची और पूछताछ की। वही थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर मुकेश कुमार वर्मा ने बताया कि एएसआई गौतम कुमार सहित अन्य पुलिसकर्मी घटनास्थल पर पहुंचे कर निरीक्षण कर जांच शुरू कर दी है और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। वही एक साथ दो घरों से चोरी हो जाने के बाद मोहल्ले वासियों में दहशत का माहौल बना हुआ है।

# हरनौत में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर कार्यक्रम

## मेरा युवा भारत ने फुटबॉल स्टेडियम में योगाभ्यास कराया



**केशववाणी राकेश कुमार की रिपोर्ट हरनौत (नालंदा)।** हरनौत बाजार स्थित फुटबॉल स्टेडियम में 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर रविवार को सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का संचालन मेरा युवा भारत (माई भारत) नालंदा द्वारा किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश प्रवक्ता और मेरा युवा भारत के डेलिगेट सन्नी पटेल ने किया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने स्वामी विवेकानंद सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। लोगों ने स्वामी सत्यानंद सरस्वती के योगदान को भी याद किया, जिन्होंने योग को जनजीवन तक पहुंचाया।सन्नी पटेल ने बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य योग के माध्यम से लोगों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। उन्होंने युवाओं को योग को अपनी दैनिक दिनचर्या का नियमित हिस्सा बनाने के लिए प्रोत्साहित किया। पटेल ने यह भी उल्लेख किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस तरह के कार्यक्रमों को लगातार बढ़ावा दे रहे हैं। माई भारत के स्वयंसेवक रोहित तिवारी ने अनुलोम–विलोम, पद्मासन, वज्रासन, कपालभाति, भस्त्रिका, सूर्य नमस्कार, पावर योग, कुंडलिनी योग, हठ योग और ध्यान सहित विभिन्न योगासनों का अभ्यास कराया। उन्होंने इन आसनों के लाभ भी बताए, जिनमें मानसिक शांति, तनाव में कमी, शारीरिक फिटनेस, मजबूत फेफड़े, तेज दिमाग और नई ऊर्जा शामिल हैं। इस योगाभ्यास कार्यक्रम में मेरा युवा भारत के रजनीश, सुबोध, मुस्कान मयूरी, चंदन, पप्पू सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे।






# महाबोधि महाविद्यालय, नालंदा में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया

**केशववाणी प्रेम सिंघानिया की रिपोर्ट नालंदा (बिहार)।** महाबोधि महाविद्यालय, नालंदा में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर भव्य योगाभ्यास एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के शिक्षकगण, कर्मचारी एवं विद्यार्थियों ने बढ़–चढ़कर भाग लिया तथा योग के माध्यम से स्वस्थ जीवन का संदेश दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ योग गुरु चंदन कुमार द्वारा सामूहिक om–उच्चारण के साथ किया गया। इसके पश्चात उन्होंने उपस्थित सभी प्रतिभागियों को विभिन्न सूक्ष्म व्यायाम, योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया। उन्होंने योगाभ्यास के दौरान प्रत्येक आसन एवं प्राणायाम के शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक लाभों की विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने कहा कि नियमित योगाभ्यास न केवल शरीर को स्वस्थ रखता है, बल्कि तनाव, चिंता एवं विभिन्न जीवनशैली संबंधी रोगों से भी मुक्ति दिलाने में सहायक होता है। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अरविंद कुमार ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2026 की थीम Yoga for Healthy Ageing (स्वस्थ आयु के लिए योग) पर विस्तृत प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि एक संपूर्ण जीवन–पद्धति है। योग व्यक्ति को शारीरिक, मानसिक एवं भा. वनात्मक रूप से संतुलित बनाता है तथा बढ़ती उम्र में भी स्वास्थ्य, ऊर्जा एवं आत्मविश्वास बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने विद्यार्थियों एवं शिक्षकों से अपने दैनिक जीवन में



योग को अपनाने का आह्वान किया।प्राचार्य ने कहा कि योग भारत की प्राचीन सांस्कृतिक धरोहर है, जिसे आज पूरा विश्व अपना रहा है। योग के माध्यम से स्वस्थ समाज और स्वस्थ राष्ट्र का निर्माण संभव है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को नियमित योगाभ्यास करने तथा दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करने की सलाह दी।कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के कार्यक्रम पदाधिकारी प्रो सुधीर कुमार वर्मा, एनसीसी के सीटीओ डॉ. धनंजय कुमार देव, प्रो. विकास कुमार, शिक्षक प्रतिनिधि प्रो डॉ. सुधीर कुमार, वित्तेक्षक प्रो. शशिभूषण प्रसाद,परीक्षा नियंत्रक प्रो. अरुण कुमार, प्रो. आनंद मूर्ति,प्रो. आकाश भारती डॉ. कुमारी रेणुका सिन्हा, डॉ संगीता कुमारी, मंजू कुमारी सहित महाविद्यालय के अनेक शिक्षक, कर्मचारी एवं छात्र–छात्राएँ उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन योग एवं स्वस्थ जीवन शैली के प्रति जागरूकता के संकल्प के साथ हुआ। उपस्थित सभी लोगों ने नियमित रूप से योग करने तथा समाज में योग के महत्व का प्रचार–प्रसार करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर पूरे महाविद्यालय परिसर में उत्साह एवं सकारात्मक ऊर्जा का वातावरण देखने को मिला।

# नूरसराय प्रखण्ड के रतनपुरा गाँव की बहू ज्योति को बीपीएससी में मिली सफलता



**केशववाणी रजनीश कुमार की रिपोर्ट नूरसराय (बिहार)।** बिहार लोक सेवा आयोग की 70वीं संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा में ब्लॉक एससी–एसटी कल्याण पदाधिकारी के पद पर चयनित होकर ज्योति कुमारी ने अपने परिवार, समाज और पूरे क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है उनके इस सफलता से गाँव मे खुशी का महौल है मूल रूप से जहानाबाद जिले के निह. ालपुर की निवासी ज्योति कुमारी का ससुराल नालंदा जिले के नूरसराय प्रखंड अंतर्गत रतनपुरा है पति–पुरुषोत्तम प्रियदर्शी। वें और उनके पति भारतीय रेलवे में वरिष्ठ गुड्स ट्रेन प्रबंधक के पद पर कार्यरत हैं।ज्योति कुमारी की यह सफलता वर्षों की कठिन मेहनत, अनुशासन और दृढ़ संकल्प का परिणाम है। सीमित संसाधनों और अनेक चुनौतियों के बावजूद उन्होंने अपने लक्ष्य से कभी समझौता नहीं किया। निरंतर अध्ययन, आत्मविश्वास और परिवार के सहयोग ने उन्हें इस महत्वपूर्ण उपलब्धि तक पहुँचाया। उनकी सफलता न केवल उनके परिवार के लिए गर्व का विषय है, बल्कि बिहार के उन हजारों युवाओं, विशेषकर बेटियों के लिए भी प्रेरणास्रोत है, जो प्रशासनिक सेवाओं में अपना भविष्य बनाने का सपना देख रही हैं। यह उपलब्धि इस बात का प्रमाण है कि समर्पित प्रयास, धैर्य और सकारात्मक सोच से किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। ज्योति कुमारी के चयन पर परिजनों, मित्रों, शुभचिंतकों तथा क्षेत्रवासियों में हर्ष का माहौल है। सभी ने उन्हें शुभकामनाएँ देते हुए विश्वास व्यक्त किया है कि वे एक संवेदनशील, ईमानदार और जनहितैषी अधिकारी के रूप में समाज के वंचित एवं कमजोर वर्गों के उत्थान में महत्वपूर्ण योगदान देंगी। ज्योति कुमारी की यह सफलता केवल एक व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं, बल्कि मेहनत, लगन और सेवा–भाव की प्रेरक कहानी है, जो आने वाली पीढ़ियों को अपने सपनों को साकार करने का साहस देती रहेगी ज्योति की सफलता से गाँव घर मे खुशी का माहौल है उनकी सफलता से अरुण प्रसाद माधुरी कुमार नीरज प्रयदर्शी ने बधाई दी है

# नालसा डीएडब्ल्यूएन–2025 योजना के तहत विधिक जागरूकता शिविर आयोजित



**केशववाणी प्रेम सिंघानिया की रिपोर्ट इस्लामपुर (बिहार)।** इस्लामपुर नगर परिषद क्षेत्र के मुर्गियाचक सामुदायिक भवन में राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नालंदा एवं अनुमंडलीय विधिक सेवा समिति, हिलसा के संयुक्त तत्वावधान में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष सह जिला जज सुशांत कुमार, सचिव राजेश कुमार गौरव, अनुमंडलीय विधिक सेवा समिति के अध्यक्ष सह एडीजे आलोक कुमार पांडेय एवं सचिव सह एसडीजेएम कुमारी सावित्री के निर्देशन में किया गया।शिविर में पैनल अधिवक्ता विजय कुमार एवं पीएलवी आलोक कुमार ने नालसा की डीएडब्ल्यूएन–2025 योजना के तहत नशा मुक्ति, कानूनी जागरूकता और स्वस्थ जीवनशैली पर विस्तार से जानकारी दी। पीएलवी आलोक कुमार ने बताया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण का गठन वर्ष 1987 में हुआ था और यह 9 नवंबर 1995 से पूरे देश में कार्यरत है। इसका उद्देश्य गरीब, वंचित, दिव्यांग, महिलाओं, बच्चों, अनुसूचित जाति–जनजाति एवं अन्य जरूरतमंद लोगों को निःशुल्क विधिक सहायता उपलब्ध कराना है। पैनल अधिवक्ता विजय कुमार ने कहा कि डीएडब्ल्यूएन–2025 योजना का उद्देश्य नशीले पदा. र्थों के दुरुपयोग की रोकथाम, जन–जागरूकता, प्रभावित व्यक्तियों को कानूनी एवं सामाजिक सहायता तथा नशा मुक्त भारत का निर्माण करना है। उन्होंने बताया कि योजना के तहत जिला स्तर पर डीएडब्ल्यूएन यूनिट स्थापित कर नशा निवारण, पुनर्वास एवं कानूनी सहायता की व्यवस्था विकसित की जा रही है। उन्होंने बताया कि समाधान समारोह–2026 के अंतर्गत लंबित मामलों के आपसी सहमति से निपटारे के लिए 21, 22 एवं 23 अगस्त 2026 को विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। वहीं आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत 12 सितंबर 2026 को बिहारशरीफ एवं हिलसा सिविल कोर्ट में आयोजित होगी। कार्यक्रम में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर भी चर्चा की गई। पीएलवी आलोक कुमार ने कहा कि योग शरीर, मन और आत्मा के बीच संतुलन स्थापित करने वाली प्राचीन भारतीय पद्धति है। नियमित योगाभ्यास से तनाव कम होता है, रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने लोगों से योग को दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर योग एवं स्वास्थ्य संबंधी कई जागरूकता नारों का भी उच्चारण किया गया। साथ ही पितृ दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए लोगों से अपने माता–पिता का सम्मान करने और उनका आशीर्वाद प्राप्त करने की अपील की गई। कार्यक्रम में प्रीति देवी, रेणु कुमारी, शांति देवी, सुजाता कुमारी, बबीता देवी, काजल कुमारी, अंजू देवी, सविता देवी, सुलेखा कुमारी, बबली देवी, माया देवी, सुषमा कुमारी (विकास मित्र), कपिल प्रसाद, सत्येंद्र प्रसाद, राजबल्लभ रविदास सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# विश्व योग दिवस पर इस्लामपुर में हुआ सामूहिक योगाभ्यास

**केशववाणी प्रेम सिंघानिया की रिपोर्ट इस्लामपुर (बिहार)।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर इस्लामपुर बाजार स्थित पान अनुसंधान केंद्र परिसर में प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर मनोरम वातावरण में सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला बीस सूत्री सदस्य धर्मेंद्र चौहान ने व्यवसायियों, सरकारी कर्मियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं राजनीतिक सहयोगियों के साथ योगाभ्यास किया। इस अवसर पर धर्मेंद्र चौहान ने कहा कि योग स्वस्थ जीवन की कुंजी है। जो व्यक्ति नियमित रूप से योग करता है, उससे बीमारियां दूर रहती हैं। योग शारीरिक एवं मानसिक रूप से व्यक्ति को मजबूत बनाता है और जीवन की चुनौतियों का सामना करने की शक्ति प्रदान करता है। उन्होंने लोगों से प्रतिदिन अपने व्यस्त जीवन से समय निकालकर योग करने की अपील की।कार्यक्रम में शिक्षक अमरेंद्र प्रसाद ने उपस्थित लोगों को विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम के बारे में जानकारी देते हुए योगाभ्यास कराया। योग शिविर में राजेश कुमार केशरी, सिद्धनाथ कुमार, रामबाबू राउत, विनय वैश्कियार, अरविंद ठाकुर, सर्वेश प्रसाद, संगीता केशरी, पिंकी कुमारी, ओम प्रकाश, इंजीनियर इंद्रदेव प्रसाद, कमलेश प्रसाद सहित दर्जनों लोगों ने भाग लिया। योगाभ्यास के दौरान लोगों में उत्साह और जागरूकता देखने को मिली।

# अखिल भारतीय पासी समाज के प्रखंड स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन में नई कमेटी का गठन

**केशववाणी प्रेम सिंघानिया की रिपोर्ट इस्लामपुर (बिहार)।** अखिल भारतीय पासी समाज के प्रखंड स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन जनार्दन चौधरी की अध्यक्षता में एक निजी सभागार में किया गया। सम्मेलन के दौरान संगठन को मजबूत बनाने के उद्देश्य से प्रखंड कमेटी का गठन किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से जनार्दन चौधरी को प्रखंड अध्यक्ष तथा राजेंद्र चौधरी को प्रखंड सचिव मनोनीत किया गया। इसके साथ ही 21 सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया। कमेटी में मनोज चौधरी को संगठन सचिव, मुन्ना चौधरी को कोषाध्यक्ष तथा मनोहर चौधरी एवं विश्वनाथ चौधरी को उपाध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया। संगठन के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष सुरेंद्र चौधरी की उपस्थिति में जिला अध्यक्ष देवव्रत चौधरी ने सभी नव–मनोनीत पदाधिकारियों को मनोनयन पत्र प्रदान कर फूल–मालाओं से सम्मानित किया।सम्मेलन को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष सुरेंद्र चौधरी ने कहा कि संगठन की मजबूती से ही समाज सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक रूप से सशक्त बन सकता है। उन्होंने कहा कि संगठन के पदाधिकारियों का दायित्व है कि वे प्रत्येक पंचायत और गांव में जाकर लोगों को समाज से जोड़ें तथा एक मजबूत संगठन का निर्माण करें। उन्होंने कहा कि पूरे प्रदेश में पासी समाज की आबादी सम्मानजनक संख्या में है और बिहार की रा. जनीति में समाज की महत्वपूर्ण भूमिका है। इसलिए समाज के लोगों को एकजुट होकर संगठन को मजबूत करना चाहिए, ताकि समाज का सर्वांगीण विकास और उत्थान हो सके। सुरेंद्र चौधरी ने लोगों से अपने बच्चों की शिक्षा पर विशेष ध्यान देने तथा पारंपरिक ताड़ी व्यवसाय के साथ–साथ स्वरोजगार के अन्य अवसरों की ओर भी आगे बढ़ने का आह्वान किया। कार्यक्रम में घनश्याम चौधरी, जितेंद्र चा. ैधरी, मुनी कुमारी, रिंकू देवी, पूजा देवी, कुसुमरी देवी, बिशु देवी, रंजू देवी, ललसा देवी, राजन. ंदन चौधरी सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे।




अपने क्षेत्र के खबर भेजने या विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें
7033325120
9931609015

# असिस्टेंट कमांडेंट के बाद अब बीपीएससी में सफलता, रजनीश बने राजस्व पदाधिकारी



**केशववाणी गुड्डू कुमार की रिपोट नालंदा (नालंदा)।** 70वीं बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) परीक्षा में नालंदा जिले के रजनीश कुमार ने 1077 अंक प्राप्त कर राजस्व पदाधिकारी (आरओ) पद पर सफलता हासिल की है। इससे पूर्व उनका चयन असिस्टेंट कमांडेंट के पद पर भी हो चुका था। सफलता के बाद रजनीश कुमार ने कहा कि उनकी रुचि हमेशा बिहार प्रशासनिक सेवा में रहकर जनसेवा और प्रशासनिक क्षेत्र में बेहतर कार्य करने की रही है। उन्होंने बताया कि उनका लक्ष्य आगे भी अपनी तैयारी जारी रखते हुए संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की परीक्षा में सफलता प्राप्त करना है। रजनीश कुमार प्रतिष्ठित नेतरहाट विद्यालय के छात्र रह चुके हैं। उनकी इस उपलब्धि से परिवार, रिश्तेदारों, ग्रामीणों और मित्रों में खुशी का माहौल है। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता–पिता, परिवार के सदस्यों तथा दोस्तों को दिया है। रजनीश के पिता बिहार पुलिस में सब–इंस्पेक्टर पद से सेवानिवृत्त हैं। पांच भाई–बहनों में रजनीश सबसे छोटे हैं। वे मूल रूप से नालंदा जिले के सिलाव थाना क्षेत्र अंतर्गत लक्ष्मीपुर गांव के निवासी हैं। वर्तमान में शिक्षा और प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी के दौरान वे नालंदा थाना क्षेत्र के कपटिया में रह रहे हैं।रजनीश के माता–पिता ने बताया कि वह बचपन से ही मेहनती, अनुशासित और मेधावी छात्र रहे हैं। उन्होंने अन्य अभिभावकों को भी अपने बच्चों पर धैर्य रखने और उनकी क्षमता पर भरोसा करने की सलाह दी। रजनीश कुमार की इस सफलता पर परिजनों, ग्रामीणों और मित्रों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# मुहर्रम को लेकर नूरसराय थाना में शांति समिति की बैठक आयोजित



**केशववाणी कुमार अभिषेक की रिपोट नूरसराय (नालंदा)।** मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर नूरसराय थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में दोनों समुदायों के गणमान्य लोगों, जनप्रतिनिधियों तथा स्थानीय प्रशासनिक अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक के दौरान मुहर्रम जुलूस, विधि–व्यवस्था, आपसी भाईचारा एवं शांति बनाए रखने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। उपस्थित लोगों से पर्व के दौरान प्रशासन का सहयोग करने तथा किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान नहीं देने की अपील की गई। बैठक में बारखुर्द, अंधना, रसलपुर, नीरपुर, चंदासी सहित विभिन्न पंचायतों के मुखिया एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। सभी ने मुहर्रम को आपसी सौहार्द और भाईचारे के साथ मनाने का संकल्प लिया। प्रशासनिक अधिकारियों ने कहा कि पर्व के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक सुरक्षा इंतजाम किए जाएंगे। किसी भी प्रकार की असामाजिक गतिविधि पर कड़ी नजर रखी जाएगी तथा कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। बैठक में दोनों समुदायों के लोगों ने आपसी सहयोग और सद्भाव बनाए रखने का भरोसा दिलाया।

# योग दिवस पर ग्रामीण मेडिकल प्रैक्टिशनरों के लिए प्राथमिक उपचार एवं कैंसर जागरूकता प्रशिक्षण शिविर आयोजित




**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोर्ट नालंदा (बिहार)।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर बालाजी इमरजेंसी हॉस्पिटल, नवादा की ओर से ग्रामीण मेडिकल प्रैक्टिशनरों (आरएमपी) के लिए प्राथमिक उपचार एवं कैंसर जागरूकता प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सैकड़ों ग्रामीण मेडिकल प्रैक्टिशनरों ने भाग लिया। शिविर में पटना के प्रसिद्ध कैंसर सर्जन डॉ. नवीन कुमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। उन्होंने कैंसर की पहचान, उसके शुरुआती लक्षणों तथा समय पर जांच एवं उपचार के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि शरीर में किसी प्रकार की गांठ, लंबे समय तक न भरने वाला घाव या लगातार रक्तस्राव कैंसर के संभावित लक्षण हो सकते हैं। हालांकि बिना उचित जांच के किसी मरीज को कैंसर होने की जानकारी नहीं देनी चाहिए। डॉ. नवीन कुमार ने ग्रामीण मेडिकल प्रैक्टिशनरों से कहा कि यदि किसी मरीज में संदिग्ध लक्षण दिखाई दें तो उसे संबंधित विशेषज्ञ चिकित्सक के पास भेजें। यदि उपचार के बाद भी घाव या गांठ ठीक नहीं हो रही हो, तो मरीज को कैंसर विशेषज्ञ के पास रेफर करना चाहिए। उन्होंने कैंसर की प्रारंभिक पहचान और बचाव के उपायों पर भी प्रकाश डाला। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जनजीवन संघ के महासचिव एवं राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन के सक्रिय सदस्य डॉ. विपिन कुमार सिन्हा ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में मरीज सबसे पहले आरएमपी के पास पहुंचते हैं। ऐसे में कैंसर जैसी गंभीर बीमारी के बारे में उनकी जानकारी मरीजों के लिए बेहद उपयोगी साबित हो सकती है। इसी उद्देश्य से इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। उन्होंने बताया कि आरएमपी सदस्यों के लिए नियमित रूप से प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। प्रत्येक माह के अंतिम शनिवार को बिहारशरीफ स्थित कार्यालय में भी प्रशिक्षण दिया जाता है, जिससे ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर बनाया जा सके। इस अवसर पर बालाजी इमरजेंसी हॉस्पिटल, बट्रामा सेंटर के निदेशक ओमप्रकाश सक्सेना ने डॉ. नवीन कुमार एवं डॉ. विपिन कुमार सिन्हा को शॉल और पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया। उपस्थित ग्रामीण मेडिकल प्रैक्टिशनरों ने प्रशिक्षण कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन उनके ज्ञान और कार्यक्षमता को बढ़ाने में काफी सहायक होते हैं। उन्होंने भविष्य में भी इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रमों में भाग लेने की इच्छा व्यक्त की। कार्यक्रम में संघ के जिला अध्यक्ष डॉ. सुग्रीव शर्मा, प्रदेश अध्यक्ष डॉ. यदुनंदन प्रसाद, नवादा सचिव डॉ. धनेश्वर प्रसाद, कार्यकारिणी सदस्य डॉ. अजीत कुमार, डॉ. रंजीत कुमार, डॉ. अनिरुद्ध प्रसाद, डॉ. कमलेश कुमार, डॉ. केसर सक्सेना सहित सैकड़ों ग्रामीण मेडिकल प्रैक्टिशनर उपस्थित थे। अंत में डॉ. विपिन कुमार सिन्हा ने ओमप्रकाश सक्सेना की सराहना करते हुए कहा कि वे हमेशा आरएमपी सदस्यों के हित में कार्य करते हैं और उनके सहयोग से ही ऐसे उपयोगी प्रशिक्षण कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित हो पाते हैं।

# किसान महाविद्यालय में एनएसएस के तत्वावधान में योग शिविर का आयोजन



**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोर्ट बिहारशरीफ (नालंदा)।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर किसान महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के तत्वावधान में योग शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के छात्र–छात्राओं, शिक्षकों एवं शिक्षकेतर कर्मियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर योगाभ्यास किया। योग शिविर में रसायन शास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. अवधेश कुमार द्विवेदी ने प्रतिभागियों को विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का प्रशिक्षण दिया। उन्होंने योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि नियमित योगाभ्यास से शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य बेहतर होता है तथा व्यक्ति तनावमुक्त जीवन जी सकता है। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. (डॉ.) दिवांशु कुमार ने छात्र–छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है। उन्होंने विद्यार्थियों से योग को अपनी दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. जवाहरलाल मंडल, डॉ. अवधेश कुमार द्विवेदी, डॉ. सत्येंद्र कुमार सिन्हा, डॉ. अनिल कुमार सहित महाविद्यालय के अन्य शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारी उपस्थित रहे। वहीं छात्र–छात्राओं में साहिल, अभिषेक, पिंटू, गोलू सहित बड़ी संख्या में युवाओं ने योगाभ्यास में भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान सभी प्रतिभागियों ने समाज में योग के प्रति जागरूकता फैलाने तथा इसके प्रचार–प्रसार का संकल्प लिया। शिविर का समापन योग के महत्व, स्वास्थ्य लाभों एवं स्वस्थ जीवनशैली पर चर्चा के साथ हुआ।

# भीषण गर्मी के कारण नालंदा में कक्षा 8 तक के सभी स्कूल 27 जून तक बंद

**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोर्ट बिहारशरीफ (नालंदा)।** जिले में लगातार बढ़ रहे तापमान और भीषण गर्मी को देखते हुए जिला प्रशासन ने कक्षा 8 तक के सभी सरकारी एवं निजी विद्यालयों में शैक्षणिक गतिविधियों पर अस्थायी रोक लगा दी है। जिला दंडाधिकारी राजीव रंजन कुमार सिन्हा ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) 2023 की धारा 163 के तहत यह आदेश जारी किया है। जारी आदेश के अनुसार, नालंदा जिले के सभी सरकारी, निजी विद्यालयों एवं प्री–स्कूल में कक्षा 8 तक की पढ़ाई 22 जून से 27 जून 2026 तक स्थगित रहेगी। जिला दंडाधिकारी ने कहा है कि दोपहर के समय पड़ रही भीषण गर्मी बच्चों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकती है। ऐसे में छात्र–छात्राओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया है।विद्यालय प्रबंधन को निर्देश दिया गया है कि वे शैक्षणिक गतिविधियों का पुनर्निर्धारण करें तथा आदेश का सख्ती से पालन सुनिश्चित करें। आदेश की प्रतिलिपि जिला शिक्षा पदाधिकारी, सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारियों, सरकारी एवं गैर–सरकारी शिक्षण संस्थानों, कोचिंग संस्थानों तथा संबंधित अधिकारियों को भेज दी गई है। जिला प्रशासन ने सभी विद्यालयों से आदेश का अनुपालन करने की अपील की है। साथ ही जिला सूचना एवं जनसंपर्क विभाग को समाचार पत्रों एवं अन्य माध्यमों से इसकी जानकारी आम लोगों तक पहुंचाने का निर्देश दिया गया है।




अपने क्षेत्र के खबर भेजने या विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें
7033325120
9931609015

# वीरायतन में योग का भव्य आयोजन, सबों को प्रति दिन करना चाहिए योग : उपाध्याय यशा जी

**केशववाणी अनुमंडल संवाददाता, राजगीर। राजीव लोचन की रिपोर्ट राजगीर (नालंदा)।** 12वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर वीरायतन राजगीर में परम पूज्य आचार्य श्री चंदना जी महाराज के प्रेरणा से योगाचार्य रामजी प्रसाद के नेतृत्व में योग शिविर का आयोजन किया गया। उपाध्याय यशा जी महाराज ने नमस्कार महामंत्र के जाप के साथ योग कार्यक्रम की शुरूआत की। उन्होंने लोगों को योग के वैश्विक स्तर पर विस्तार के बारे में बताया। उन्होंने भाग लेने वाले सभी लोगों को प्रति दिन योग करने की सलाह दी। वीरायतन के महाप्रबंधक अंजनी कुमार ने बताया कि आज के ईस भागम–भाग के जिंदगी में प्रत्येक व्यक्ति को अपनी दिनचर्या में योग को शामिल करना ही होगा। जिस प्रकार आए दिन हम लोग सुनते हैं कि कोई व्यक्ति कल तक ठीक ही था, आज अचानक हृदय गति रुक जाने से उनका देहांत हो गया। हमारे जीवन शैली में बदलाव होने के कारण हमें योग से जुड़ना ही पड़ेगा। मॉर्निंग वॉक टीम बिहार शरीफ एवं रोटरी क्लब तथागत के सदस्यों ने इसमें बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया। जाने–माने नेत्र चिकित्सक डॉ. अरविंद कुमार सिन्हा ने सबों को योग की महत्ता के बारे में बताया। उन्होंने आगे कहा कि वैसे तो हम लोग प्रत्येक दिन नियमित रूप से मुरौरा तालाब परिसर में मॉर्निंग वॉक टीम के सदस्यों के साथ



नियमित योग करते हैं लेकिन अब प्रत्येक वर्ष अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष में हम लोग प्रत्येक वर्ष वीरायतन ही आया करेंगे। नेत्र ज्योति सेवा मंदिरम के मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. दीपक कुमार ने योग को काफी प्रभावित करने वाला बताया और कहा कि अब हम सभी लोग नियमित योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करेंगे। इस अवसर पर डॉ. इंद्रजीत कुमार, सुभाष प्रसाद सिंह, सुजीत कुमार, मनीष कुमार, राकेश रंजन, पंचम नारायण, मनोज सक्सेना, गोपाल प्रसाद, संजीव कुमार, राजीव कुमार, रविंद्र कुमार, चीकू, मिठु प्रसाद, विजय भगत, रंजीत कुमार, हर्ष मेहता, नंदलाल, जीतू कुमार इत्यादि सैकड़ों लोग मौजूद थे।

# अवैध डिवाइडर कट बना काल: अज्ञात वाहन की टक्कर से सेवानिवृत्त फौजी के इकलौते बेटे की मौत




**केशववाणी गुड्डू कुमार की रिपोट बिहारशरीफ (नालंदा)।** नालंदा जिले के राजगीर–बिहारशरीफ मुख्य मार्ग पर सिलाव थाना क्षेत्र के गांधी हाई स्कूल के पास हुए सड़क हादसे में बाइक सवार 15 वर्षीय किशोर की मौत हो गई। मृतक की पहचान पावापुरी थाना क्षेत्र के दरवेशपुरा निवासी सेवानिवृत्त सैनिक पुनीत सिंह के इकलौते पुत्र कृष्णा कुमार के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार कृष्णा अपनी बाइक से नालंदा स्थित आवास से सिलाव बाजार आ रहा था। गांधी हाई स्कूल के पास डिवाइडर में बने अवैध कट को पार करने के दौरान तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर के बाद बाइक सवार डिवाइडर से जा टकराया और गंभीर रूप से घायल हो गया।जिसका इलाज के लिये विम्स जाने के क्रम में मौत हो गई।

# रेड क्रॉस सोसाइटी के साप्ताहिक स्वास्थ्य जांच शिविर में 182 मरीजों का हुआ उपचार

**केशववाणी प्रेम सिंघानिया की रिपोट बिहारशरीफ (नालंदा)।** भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी, जिला शाखा नालंदा द्वारा रविवार को श्रम कल्याण केंद्र मैदान स्थित विस्तारित भवन परिसर में साप्ताहिक निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा मरीजों की जांच कर आवश्यक चिकित्सा परामर्श एवं स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की गईं। शिविर का मुख्य उद्देश्य गरीब, असहाय एवं जरूरतमंद लोगों को निःशुल्क स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराना था। स्वास्थ्य जांच कराने पहुंचे लाभार्थियों ने रेड क्रॉस सोसाइटी के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे शिविर उनके लिए काफी लाभदायक साबित हो रहे हैं। शिविर में कुल 182 मरीजों की स्वास्थ्य जांच की गई। इनमें शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. श्याम बिहारी सिंह ने 40 मरीजों, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. अभिनव कुमार सिंह ने 50 मरीजों, फिजिशियन डॉ. उमेश कुमार सिंह ने 70 मरीजों, फिजियोथैरेपिस्ट डॉ. मोहम्मद शहजाद आलम ने 15 मरीजों तथा होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ. गौतम कुमार एवं डॉ. रितेश कुमार ने 25 मरीजों का उपचार एवं परामर्श दिया। इसके अतिरिक्त 40 लोगों की मधुमेह (शुगर) जांच भी की गई। शिविर में उपस्थित चिकित्सकों ने विभिन्न रोगों से संबंधित समस्याओं की जांच कर मरीजों को आवश्यक चिकित्सीय सलाह एवं उपचार संबंधी जानकारी प्रदान की।



कार्यक्रम में भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी, जिला शाखा नालंदा के सचिव राजेश कुमार, कोषाध्यक्ष अरविंद पंडित, कार्यकारिणी सदस्य मोहम्मद अखलाक अहमद सहित कई आजीवन सदस्य उपस्थित रहे। इनमें बृज बिहारी, चंद्रमणि कुमार, राकेश कुमार पंकज, साधु शरण प्रसाद, नागेंद्र कुमार, शंभू कुमार कश्यप, कुणाल गौरव, नीतीश कुमार, रविंद्र कुमार, डॉ. एस.एम. मुजफ्फर जमाल, प्रो. स्वधर्म, मुस्कान कुमारी, अरुण कुमार एवं संजय कुमार ने शिविर के सफल संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सदस्यों ने मरीजों के पंजीकरण, कतार प्रबंधन तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को सुचारु रूप से संचालित किया। उपस्थित लोगों ने रेड क्रॉस के स्वयंसेवकों एवं पदाधिकारियों की सेवा भावना और समर्पण की सराहना की। रेड क्रॉस सोसाइटी के पदाधिकारियों ने बताया कि यह निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आगे भी प्रत्येक रविवार को आयोजित किया जाता रहेगा, ताकि अधिक से अधिक जरूरतमंद लोगों को स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिल सके।

# नीट (यूजी) 2026 परीक्षा को लेकर डीएम व पुलिस अधिकारियों ने किया परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण



**केशववाणी प्रेम सिंघानिया की रिपोट बिहारशरीफ (नालंदा)।** नीट (यूजी) 2026 परीक्षा के सफल, शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं कदाच. ारमुक्त संचालन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से रविवार को नालंदा जिले के विभिन्न परीक्षा केंद्रों का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान प्रभारी जिला पदाधिकारी–सह–अपर समा. हर्ता राजीव रंजन कुमार सिन्हा एवं पुलिस उपाधीक्षक ने संयुक्त रूप से परीक्षा केंद्रों का जायजा लिया। अधिकारियों ने केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था, अभ्यर्थियों की प्रवेश प्रक्रिया, सीसीटीवी निगरानी, बैठने की व्यवस्था तथा अन्य आवश्यक सुविधाओं की जांच की। इस दौरान संबंधित अधिकारियों एवं केंद्राधीक्षकों को परीक्षा के दौरान पूरी सतर्कता बरतने तथा निर्धारित दिशा–निर्देशों का अक्षरशः पालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।अधिकारियों ने कहा कि परीक्षा को पूरी पारदर्शिता एवं निष्पक्षता के साथ संपन्न कराना प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने परीक्षा केंद्रों पर तैनात दंडाधिकारियों, पुलिस पदाधिकारियों एवं कर्मियों को भी आवश्यक दिशा–निर्देश दिए और कहा कि किसी भी प्रकार की अनियमितता या कदाचार को किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जिला प्रशासन ने अभ्यर्थियों एवं अभिभावकों से भी परीक्षा के दौरान निर्धारित नियमों का पालन करने तथा प्रशासन का सहयोग करने की अपील की है।

# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर रेड क्रॉस सोसाइटी ने आयोजित किया भव्य योग शिविर

**केशववाणी प्रेम सिंघानिया की रिपोट बिहारशरीफ (नालंदा)।** 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी, जिला शाखा नालंदा द्वारा पतंजलि योगपीठ के सहयोग से भव्य योग शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर आईएमए हॉल, हॉस्पिटल मोड़, बिहारशरीफ में प्रातः 5 बजे से 7 बजे तक आयोजित हुआ। शिविर में पतंजलि योगपीठ के प्रशिक्षित योग शिक्षकों ने प्रतिभागियों को विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास कराया। योग प्रशिक्षकों ने योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि नियमित योगाभ्यास से व्यक्ति शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक रूप से स्वस्थ रहता है। उन्होंने योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने की अपील की। कार्यक्रम में भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी, जिला शाखा नालंदा के अध्यक्ष डॉ. श्याम बिहारी सिंह, सचिव राजेश कुमार, कार्यकारिणी समिति के सदस्य, आजीवन सदस्य तथा अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। योग शिविर में 100 से अधिक लोगों ने भाग लेकर योगाभ्यास किया और इसके स्वास्थ्य




लाभों की जानकारी प्राप्त की। प्रतिभागियों ने योग को स्वस्थ एवं संतुलित जीवन की कुंजी बताते हुए नियमित रूप से योग करने का संकल्प लिया।इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का एक प्रभावी माध्यम है। कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना तथा योग को जन–जन तक पहुंचाना था। शिविर का समापन सभी प्रतिभागियों को नियमित योगाभ्यास के लिए प्रेरित करने एवं स्वस्थ समाज के निर्माण का संकल्प लेने के साथ किया गया।





अपने क्षेत्र के खबर भेजने या विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें
7033325120,9931609015